# मुख्यमंत्री के भूमिपूजन के बाद भी शुरू नहीं हो सका तालाब के सौन्दर्यीकरण का काम



**मंडला, देशबन्धु।** आदिवासी बाहुल्य जिले में सरकार द्वारा स्वीकृत कार्य भी शुरू नहीं हो पा रहे हैं कारण प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों की उदासीनता है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां जनपद पंचायत मंडला के अधिकारियों के संरक्षण के चलते ग्राम पंचायत का सचिव मनमानी करते हुए कार्य को शुरू नहीं होने दे रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढेंको में वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अन्तर्गत स्वीकृत तालाब गहरीकरण एवं सौंर्दीकरण कार्य किया जाना था जिसका विधिवत टेंडर भी हो चुका था लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता एवं मनमानी के चलते अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

बताया गया कि पूरे मामले में स्थानीय ग्रामीणों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा कई बार पत्राचार करते हुए जनपद सीईओ एवं जिला पंचायत के सीईओ को अवगत कराया गया है लेकिन अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि पंचायत के सचिव अपनी मनमानी कर रहे हैं और उन्हें अधिकारी अपना संरक्षण दे रहे हैं जिसके चलते ग्राम विकास के कार्य और सरकार के मनसा अनुरूप कार्य नहीं हो पा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा जनपद एवं जिला पंचायत के सीईओ पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इनके द्वारा तात्कालिक कार्रवाई न करते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इसके साथ ही बताया कि ग्राम पंचायत ढेंको जनपद पंचायत मण्डला में वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री अधोसरंचना योजना अन्तर्गत तालाब गहरीकरण एवं सौर्दीकरण का कार्य स्वीकृत हुआ था, एवं उक्त कार्य का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा जिला मुख्यालय में वर्चुअल किया जा चुका है। उक्त कार्य का विधिवत वर्ष 2023 में स्थानीय परन्तु ग्राम पंचायत ढेंको के जवाबदार लोगों के द्वारा अनावश्यक कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जनपद के उपयंत्री, सहायक यंत्री एंव सचिव पर दबाव बनाकर कार्य में रूकावट की जा रही है। स्थानीय जागरूक लोगों के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मण्डला को कई बार बोलने पर भी आज दिनाँक तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। चुकी बरसात का समय शुरू होने वाला है जिसे देखते हुए कार्य को पुनः प्रारंभ करने के लिए प्रशासन के अधिकारी एवं सचिव को कहा गया लेकिन अब तक इनके द्वारा कार्य शुरू नहीं कराया जा रहा है। यहां पर मुख्यमंत्री द्वारा किया गया भूमि पूजन कोरा साबित हो रहा है।

# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट ने किया एक्सपोजर विजिट



**मंडला, देशबन्धु।** पी.एम.कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में स्मामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्षन प्रकोष्ट के विद्यार्थियों को शासन के निर्देशानुसार एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत एतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों, वैज्ञानिक संस्थानों, साईन सिटि, आब्जरर्वेटरी के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों का पुरातत्व संग्राहालय मण्डला में विजिट किया गया, जिसमें 10वीं शताब्दि से 17वीं शताब्दि तक उपयोग में आने वाली वस्तुएँ युद्ध के औजार देवी-देवताओं की मूर्तियों एवं सात हजार वर्ष पूर्व डिवोनियन पीरेड के फॉसिल्स का अध्ययन किया गया जिसमें फॉसिल्स बनने की विधियाँ एवं वर्तमान फॉसिल्स पौधों के जड़, तना, पत्ती, फल एवं बीज के फॉसिल्स दिखाया गया तथा डिवोनियन पीरेड में पैड़-पौधे किस प्रकार से पत्थर बने इसकी विस्तृत जानकारी डॉ.बी.एल.झारिया पेलियो वॉटनिस्ट द्वारा छात्रों को जूलोजिकल समय-सारणी के अनुसार पौधों एवं जीव जन्तुओं की उत्पत्ती के बारे में बताया गया और मण्डला पुरातत्व संग्राहालय में अधिकतर पाम के वृक्षों के फॉसिल्स प्राप्त हुए हैं जो एक बीज पत्री एवं द्विबीज पत्री के नहीं हैं। उपरोक्त जानकारी उपरांत फॉसिल्स एवं पुरातत्विक संग्राहालयों का बनाकर पुरात्त विभाग को सहयोग करने हेतु छात्रों में एक रूचि प्रदान की गई जिससे वे अपने रोजगार के सुअवसर पहचान सकें।

## सार-समाचार

### आईटीआई में रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 16 जून

**मंडला, देशबन्धु।** समस्त शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार हेतु अंतिम तिथि 16 जून 2025 में केवल 3 दिन शेष हैं। जो भी आईटीआई करना चाहते हैं विभागीय पोर्टल अथवा नजदीकी आईटीआई से सम्पर्क करें। इसके साथ ही इस वर्ष महिलाओं के लिए समस्त व्यवसायों में 35 प्रतिशत स्थान आरक्षित हैं। आईटीआई में स्थापित हेल्प डेस्क में रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध हैं। साथ ही निम्नलिखित आईटीआई के व्यवसायों में कम प्रतिशत वाले आवेदकों का भी प्रवेश हो सकता है। आईटीआई मंडला के व्यवसाय वेल्डर, मेशन एवं वुड वर्क टेक्नीशियन आईटीआई मवई के व्यवसाय वीविंग टेक्नीशियन फार सिल्क एंड वूलन फेब्रिक्स (केवल महिलाओ के लिए) प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए आवेदक विभाग के डीएसडी पोर्टल पर अथवा निकट की शासकीय आईटीआई में स्थापित हेल्प डेस्क में स्वयं उपस्थित होकर जानकारी अथवा पंजियन फार्म भर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मो. 9754384179, 9407068737, 7697653651, 7089685464 पर संपर्क करें।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित

**मंडला, देशबन्धु।** वर्षाऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी/नाले से नही है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों, जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा, साथ ही मत्स्य विक्रय या मत्स्य विनिमय अथवा परिवहन करना भी प्रतिबंधित हैं। इन नियमों के उल्लंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

### फिर शुरू हो जाएंगे 16 जून से स्कूल, शासन प्रशासन उदासीन

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की मंडला जिले में शासन प्रशासन की लापरवाही की वजह से आगामी शिक्षा सत्र की तैयारी कहीं दिखाई नहीं दे रही है संभवत 16 जून से आगामी शिक्षा सत्र शुरू हो सकता है स्कूल 16 जून से खुल सकते हैं और छात्र-छात्राएं स्कूल आना शुरू कर देंगे ऐसी स्थिति में कम समय बचा है अभी तक आगामी शिक्षा सत्र की तैयारी करने में शासन द्वारा क्यों परहेज किया जा रहा है यह चर्चा का विषय बना हुआ है नागरिक चर्चा कर रहे हैं कि अभी तक सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों की भवन की मरम्मत व रंग रोगन का काम पूर्ण नहीं हो पाया है स्कूल परिसर में गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है मध्यान भोजन बनाने के लिए रसोई घर की हालत खस्ता हो गई है नए रसोई घर नहीं बनाई जा रहे हैं शौचालयों की स्थिति सही नहीं है पानी का पर्याप्त प्रबंध स्कूलों में मौजूद नहीं है स्कूलों में खेल मैदान की समस्या बनी हुई है स्कूलों में पुस्तकालय सही तरीके से संचालित नहीं हो रहे हैं।

स्कूलों में आसपास बाउंड्री नहीं बनाई जा रही है पुराने स्कूल भवनों को तोड़कर नया स्कूल भवन नहीं बनाया जा रहा है शिक्षकों को मुख्यालय में रहने के निर्देश जारी नहीं किया जा रहे हैं काफी लंबे समय से मंडला जिले में शिक्षक सिर्फ अप डाउन कर रहे हैं और जैसे-तैसे अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं जिसकी वजह से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है खासकर सरकारी स्कूलों में पढ़ाई सही नहीं हो रही है पढ़ाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की जा रही है इस विषय पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस समस्या को सुलझाने के लिए अभी से कोई रणनीति तैयार नहीं की जा रही है शिक्षा के क्षेत्र की सभी समस्याओं का निराकरण करने के लिए शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है मध्यान भोजन बनाने वाले समूहों को नया गैस चूल्हा नहीं दिया जा रहा है पुराने गैस चूल्हा से समूह खाना जैसे तैसे पका रहे हैं समूह को समय पर पैसा नहीं दिया जाता है प्रत्येक माह पैसा जमा करने की कार्रवाई नहीं की जाती है जिसकी वजह से समूहों को परेशान होना पड़ता है समूहों को कम पैसा दिया जा रहा है जिसकी वजह से भी समूह को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस तरह से तमाम तरह की समस्याएं शिक्षा के क्षेत्र में फैली हुई है जिनका निराकरण शिक्षा क्षेत्र के शुरुआती दिनों में ही की जाए और शिक्षा सत्र की तैयारी सही तरीके से पूरी कराई जाए ऐसी जन अपेक्षा है।

# 15 दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर



**मंडला, देशबन्धु।** महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में दक्षिण क्षेत्र जनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। लीग आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन 15 जून से 22 जून 2025 तक होगा। इस प्रतियोगता में मध्यप्रदेश की आठ जिले की टीमे भाग ले रही है। इसमें बालाघाट, जबलपुर, बैतूल, सिवनी, बुरहानपुर, रायसेन, छिंदवाड़ा और मेजबान मंडला की टीम शामिल है। प्रतियोगिता सचिव पंकज उसराठे ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर इंतिजाम किए जा रहे है। मैदान को तैयार किया जा रहा है। खिलाडियों के रुकने व खाने की भी व्यवस्था की गई है।

प्रतियोगिता को सफल बनाने व खिलाडियों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंतिजाम किए जा रहे है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला फुटबॉल संघ, मण्डला द्वारा मंडला जिले के मोहगांव, नैनपुर, मंडला, मवई, घुघरी विकासखण्ड के 90 खिलाडियों को चयन प्रकिया में शामिल किया गया था। इनमें से मंडला डी. एफ ए. ने 20 खिलाडियों का चयन किया चयनित खिलाडियों में अनिवेश जैन, सारांश मार्को, रुद्र धुर्वे, कार्तिक कछवाह, अथर्व नामदेव, अर्पित कोर्चे, गोलू परते, कृष्ण कुमार, रोहित कुमार परते, शिवनारायण भारतीया, सुमित कुमार उईके, राजकुमार चिचाम, पंकज मरावी, प्रदुम शर्मा, सौरभ वरकड़े, शिवम शर्मा, अंश उसराठे, ओमी चौहान शामिल है। चयनित खिलाडियों के लिए कैंप लगाया गया है। इस कैंप में खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खूब पसीना बहा रहे है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला फुटबॉल संघ के डॉ. दिलीप शर्मा, वेद प्रकाश कुलस्ते, अनिल सोनी, स्वामी शारदात्मानन्द, अन्नू वासल, चंद्रेश खरे, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चौकसे, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उल्लेखीनय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

### प्रधान मजिस्ट्रेट स्वाति चौहान का किया स्वागत



**मंडला, देशबन्धु।** प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती स्वाति चौहान का आगमन हुआ। उनका स्वागत पौधे के गुच्छे व पुष्प देकर श्रीमती सरिता अग्निहोत्री (किशोर न्याय बोर्ड सदस्य) द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्टाफ के सभी लोग उपस्थित थे सभी लोगों द्वारा उन्हें हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई। सदस्यों ने आशा की है कि इनके आने से कई केसों का निपटारा अति शीघ्र हो जाएगा। इनके आने किशोर न्याय बोर्ड में खुशी की लहर दौड़ है।

## स्वच्छ पानी पीने हेतु ग्रामों में किया क्लोरिनेशन कार्य



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मंडला के कार्यपालन यंत्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण इलाकों में जागरुकता पहुंचाने हेतु प्रचार रथ द्वारा वर्षा काल में पानी को साफ करने के तरीके, पानी जांच प्रक्रिया से समुदाय को जागरूक करने के साथ साथ पीएचई विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में समुदाय को जानकारी प्रदान की जा रही हैं। जिसमें आज प्रचार रथ के माध्यम से विकासखण्ड मोहगांव के ग्राम हर्राटिकुर, मुनु, बोडासिल्ली, बिलगांव में समुदाय को जागरूक किया गया।

**इन ग्रामों में किया गया पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन कार्य-** विकासखंड मोहगांव के ग्राम मुनू, उरी, रायगांव, कसौटा, रमखिरिया में एवं विकासखंड मवई के ग्राम मोतीनाला, खुर्सीपार, बिलगांव, अमवार, मवई जर, मोहगांव जर, रमतिला, सुनेहरा तथा विकासखंड मंडला के ग्राम किंद्री, जनतीपुर, बिनेका, कोंडरा, मवई जर, क्लोरिनेशन का कार्य किया गया।

# मलेरिया प्रभावित हाई रिस्क ग्रामों में दो चक्रों में किया जाएगा कीटनाशक का छिड़काव

## कीटनाशक छिड़काव का प्रथम चक्र 16 जून से होगा प्रारंभ

**मंडला, देशबन्धु।** वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत माह जून को मलेरिया निरोधक माह के रुप में मनाया जा रहा है। जिसमें वाहक जनित रोगों के नियंत्रण एवं बचाव के संबंध में जनजागरुकता हेतु विभिन्न गतिविधियाॅ की जा रही हैं। संचालनालय के निर्देषानुसार जिले के मलेरिया प्रभावित हाई रिस्क 14 चिन्हित ग्रामों में दो चक्रों में कीटनाशक छिड़काव कार्य संपन्न किया जाएगा। प्रथम चक्र कीटनाशक छिड़काव दिनांक 16 जून 2025 से प्रारंभ किया जाकर 28 जुलाई 2025 तक एवं द्वितीय चक्र कीटनाशक छिड़काव 1 अगस्त 2025 से 12 सितम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाएगा।

विकासखण्ड बम्हनी के ग्राम बनियातारा, सुभरिया में 16 जनू से 25 जून 2025 तक, विकासखण्ड नैनपुर के ग्राम बीजेगॉव, पतवाही में 26 जून से 30 जून तक कीटनाशक छिड़काव किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड बिछिया के ग्राम बोकर, कातामाल में 1 जुलाई से 9 जुलाई 2025 तक, विकासखण्ड नारायणगंज के ग्राम चटरा, सिघनपुरी, देवडोंगरी में 11 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक, विकासखण्ड बीजाडांडी के ग्राम रेंहगाझोरी, बरगांव, तिनसई, पाकरीकला, पड़रियामाल में 18 जुलाई 2025 से 28 जुलाई 2025 तक प्रथम चक्र कीटनाशक छिड़काव किया जाएगा।

जिला मलेरिया अधिकारी ने चयनित ग्रामों के समस्त ग्रामवासियों से अपील की है कि कीटनाषक छिड़काव दल द्वारा अपने घरों के शत प्रतिशत कमरों में कीटनाशक छिड़काव पूर्ण करावें। छिड़काव के ढाई माह तक कीटनाशक का प्रभाव रहता है, अत: छिड़काव पष्चात् ढाई माह तक लिपाई-पुताई न करें साथ ही मच्छरजन्य बीमारी जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया से बचाव हेतु घरों के आसपास तथा छत में रखे अनुपयोगी वस्तु जैसे डब्बे, फूलदान, टायर, बर्तन इत्यादि में पानी जमा न होने दें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग कर वाहक जनित रोगों के नियंत्रण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# कांग्रेस में संगठन सृजन की कवायद जारी

### पर्यवेक्षक जारूलता टोकस पहुंची नगर

**मंडला, देशबन्धु।** कांग्रेस में संगठन सृजन की कवायद जारी है। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक श्रीमती चारूलता टोकस जी मंडला पहुंची।

उन्होंने यहां वन विश्राम गृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में अच्छा काम कर रहे कार्यकर्ताओं को संगठन सृजन में महत्व दिया जाएगा। अच्छे लोगों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में 5 दिन रहकर कांग्रेस के सभी 15 ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनकी राय ली जाएगी। जिले में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन का सृजन किया जाना है। उन्होंने स्पष्ट किया गया कि चयन में उम्र को लेकर की जा रहीं बातें गलत हैं। उम्र का कोई बंधन नहीं है और अच्छा काम करने वालों की उपेक्षा नहीं की जाएगी।

पत्रकारवार्ता में बैतूल के पूर्व विधायक प्रदेश पर्यवेक्षक निलय डागा जी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड राकेश तिवारी, जिला संगठन प्रभारी श्रीमती किरण अहिरवार, सह संगठन प्रभारी समीर खान,निवास विधायक विधायक चैन सिंह बरकड़े, पूर्व विधायक प्रो संजीव उईके,पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गुलाब सिंह उईके,आदि मौजूद रहे।

**संगठनात्मक बैठक में मांगी कार्यकर्ताओं की राय-** जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के द्वारा बुधवार की दोपहर कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक में श्रीमती चारूलता टोकस जी ने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक मजबूत करने लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, सहित पूर्व विधायक, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस. एनएसयूआई, सेवादल, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, बूथ कांग्रेस कार्यकर्तागणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सेवा भारती कन्या छात्रावास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** सेवा भारती कन्या छात्रावास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास की सभी छात्राओं एवं उपस्थित प्रतिभागियों को वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा महिला हेल्प लाईन नंबर 181 एवं चाइल्ड हेल्प लाईन नं. 1098 के बारे में छात्राओं को महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिये जागरूक करने हेतु समझाईश दी गई। साथ ही छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता का महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पीसीपीएनडीटी एक्ट गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन किस प्रकार किया जाये इसके बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही लिंग संवेदीकरण के प्रति जागरूक रह कर लिंग के प्रति हिंसा से दूर रहने की बात समझाई गई। इसके अलावा साईबर सुरक्षा अभियान चला कर लोगों को साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 के प्रति भी जानकारी दी गई।

किस प्रकार सतर्क रह कर न सिर्फ हम स्वयं की सुरक्षा कर सकते हैं बल्कि अपने परिवार और आस पास के लोगों को भी समाज में जागरूक कर सकते हैं।